# मध्यप्रदेश विधान सभा

## जुलाई, 2019 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

### रविवार, दिनांक 21 जुलाई, 2019 (आषाढ़ 30, 1941)

### समय 11.00 बजे दिन.

### 1. प्रश्नोत्तर.

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण.

(1) श्री फुन्देलाल सिंह मार्को, सदस्य, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजना की किसान कल्याण विभाग को स्थानांतरित राशि का दुरूपयोग किये जाने की ओर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री यशपाल सिंह सिसौदिया, सदस्य, प्रदेश के शॉपिंग मालों में एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थों की बिक्री से उत्पन्न स्थिति की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) सर्वश्री कुंवर सिंह टेकाम, देवेन्द्र सिंह पटेल, सदस्य, उदयपुरा क्षेत्र के अन्तर्गत राजमार्ग-12 के निर्माण कार्य में शर्तों का पालन न किये जाने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री संजीव सिंह, सदस्य, टीकमगढ़ एवं निवाड़ी जिले में अमानक स्तर के चावल का भण्डारण किये जाने की ओर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 3. याचिकाओं की प्रस्तुति.

(1) श्री रामकिशोर (नानो) कावरे, सदस्य, बालाघाट जिले के ग्राम लामता में कॉलेज भवन की स्वीकृति प्रदान किये जाने,

(2) श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य, धार जिले के सरदारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का सिविल अस्पताल में उन्नयन किये जाने,

(3) श्री आशीष गोविन्द शर्मा, सदस्य, देवास जिले की ग्राम पंचायत खल के अंतर्गत 'बछखाल स्टेण्ड' पर विद्युत लाईन ट्रांसफार्मर लगाये जाने,

(4) श्री इन्दर सिंह परमार, सदस्य, शाजापुर जिले के ग्राम बंजारी से ताजपुर उकाला तक रोड का निर्माण कराये जाने,

(5) श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, सदस्य, शिवपुरी जिले के ग्राम कडेसरा स्थित महुअर नदी के कडेसरा घाट पर पुल निर्माण कराये जाने,

(6) श्री रामपाल सिंह, सदस्य, रायसेन जिले के ग्राम चिगवाड़ाकला में विद्युत सब-स्टेशन स्वीकृत कराये जाने,

(7) श्री प्रणय प्रभात पांडे, सदस्य, कटनी जिले के ग्राम बड़ागांव के शासकीय हाईस्कूल का हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने,

(8) श्री कुंवरजी कोठार, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्राम संडावता में उपस्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन किये जाने,

(9) डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य, होशंगाबाद जिले के चौरियाकुर्मी धर्मशाला के प्रवेश द्वार के पास स्थित ट्रांसफार्मर अन्यत्र स्थानांतरित कराये जाने,

(10) श्री अनिल जैन, सदस्य, निवाड़ी जिले के ग्राम पुछीकरगुवां के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराये जाने,

(11) श्री जजपाल सिंह 'जज्जी', सदस्य, अशोकनगर जिले के रेल्वे क्रासिंग क्र. 41 पर अण्डरब्रिज के निर्माण हेतु राज्य शासन से राशि स्वीकृत कराये जाने,

(12) श्री देवेन्द्र वर्मा, सदस्य, खण्डवा जिले की जनअभियान परिषद् के कर्मचारियों की समस्या का निदान कराये जाने,

(13) श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, पन्ना जिले के ग्राम हरसा, बगौहा एवं सलैया से मुख्य मार्ग तक सड़क का निर्माण एवं वन विभाग द्वारा ग्रामीणों के आवागमन से प्रतिबंध हटाये जाने,

(14) श्री विक्रम सिंह, सदस्य, सतना जिले के रामपुर बघेलान के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का सिविल अस्पताल में उन्नयन किये जाने,

(15) श्री आलोक चतुर्वेदी, सदस्य, छतरपुर शहर में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खोले जाने,

(16) श्री प्रहलाद लोधी, सदस्य, पन्ना जिले के ग्राम मोहन्द्रा में महाविद्यालय खुलवाये जाने,

(17) श्री जालम सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम कोदरास खुर्द के किसानों का जमीन से अवैध कब्जा हटवाये जाने,

(18) श्री प्रदीप पटेल, सदस्य, रीवा जिले के मऊगंज अंतर्गत हनुमना स्टेट हाईवे रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिये बायपास का निर्माण कराये जाने,

(19) श्री पुरूषोत्तम लाल तंतुवाय, सदस्य, दमोह जिले के हटा नगर में नवीन आई.टी.आई. खुलवाये जाने,

(20) श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के परासिया क्षेत्र अंतर्गत सुकरी से उमरेठ एवं पोआमा तक रोड निर्माण कराये जाने,

(21) श्री यशपाल सिंह सिसौदिया, सदस्य, मन्दसौर जिले के ग्राम डोराना की बरखेड़ी माता मार्ग का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कराये जाने,

(22) श्री रामखेलावन पटेल, सदस्य, सतना जिले के ग्राम मझगवां, नौगवां, बड़वार एवं मनकहरी के शास. हाई स्कूलों का हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने,

(23) श्री शरदेन्दु तिवारी, सदस्य, सीधी जिले की नगर परिषद् रामपुर में सड़क निर्माण एवं छोटा पुल बनाये जाने,

(24) श्री मनोज चावला, सदस्य, रतलाम जिले के ग्राम हाटपिपलीया के शास. उच्च. माध्य. विद्यालय के परिसर में स्थित विद्युत लाईन के पोल को अन्यत्र लगवाये जाने,

(25) श्री महेश परमार, सदस्य, उज्जैन जिले के माकडोन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अ.जा. विशेष घटक योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बदलने एवं व्यवस्थाओं में सुधार कराये जाने,

(26) इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य, सागर जिले की नगर पालिका परिषद् मकरोनिया के समस्त वार्डों में नालियों का निर्माण कराये जाने,

(27) श्री बहादुर सिंह चौहान, सदस्य, उज्जैन जिले के महिदपुर में पुरातत्व विभाग के अंतर्गत आने वाले किले में नवीन कार्य की स्वीकृति प्रदान कराये जाने,

(28) श्री राहुल सिंह लोधी, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के नगर खरगापुर में नवीन कालेज खुलवाये जाने,

(29) श्री राकेश गिरि, सदस्य, टीकमगढ़ नगर पालिका में सीवर लाइन की स्वीकृति प्रदान कराये जाने,

(30) श्री नारायण सिंह पट्टा, सदस्य, मंडला जिले के ग्राम डेवरी दादर की बुड़नेर नदी पर पुल निर्माण व स्टॉपडेम एवं अंजनी टोला में स्टॉपडेम निर्माण के साथ ही ग्राम छतरपुर गुरवनी नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(31) डॉ. मोहन यादव, सदस्य, उज्जैन जिले की सिन्धी कालोनी चौराहे से हरिफाटक ओवर ब्रिज तक सेन्ट्रल लाइटिंग व डिवाईडर बनाये जाने,

(32) श्री शैलेन्द्र जैन, सदस्य, सागर जिले के लक्ष्मीपुरा वार्ड में श्री राजेश पंडित के मकान से जड़िया मार्केट तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कराये जाने,

(33) श्री उमाकांत शर्मा, सदस्य, विदिशा जिले के ग्राम पगरानी में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण कराये जाने,

(34) श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य, नीमच जिले के भाटखेड़ा से डुंगलावदा तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं डिवाईडर का निर्माण कराये जाने,

(35) श्री प्रेमशंकर वर्मा, सदस्य, होशंगाबाद जिले के एन.एच.-69 से ग्राम रतिबंदर तक पहुँच मार्ग निर्माण कराये जाने,

(36) श्री शरद जुगलाल कोल, सदस्य, शहडोल जिले की नगर परिषद ब्यौहारी के वार्ड क्र.12 में सेमारी पुल का निर्माण कराये जाने,

(37) श्री संजय शर्मा, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम सुन्हेटी से काचरकोना तक पक्के मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(38) श्री बापू सिंह तंवर, सदस्य, राजगढ़ जिला चिकित्सालय में अतिरिक्त बिस्तर एवं बेड की व्यवस्था कराये जाने,

(39) श्री रामेश्वर शर्मा, सदस्य, भोपाल जिले के होशंगाबाद रोड स्थित वार्ड-85 के समरधा गांव में स्वीकृत शासकीय अस्पताल का निर्माण कराये जाने,

(40) श्री जयसिंह मरावी, सदस्य, शहडोल जिले के ग्राम दुलहरा से सिगुड़ी तक पहुंच मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(41) श्री सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा, सदस्य, सतना जिले के शासकीय डिग्री कॉलेज में छात्रावास व केन्टीन का निर्माण कराये जाने, तथा

(42) श्री जसमंत जाटव छितरी, सदस्य, शिवपुरी जिले के करैरा जनपद पंचायत अंतर्गत यूनिट क्रमांक-01 तथा नहर निर्माण कार्य यूनिट क्रमांक-2 के लंबित प्राक्कलन प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 4. जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रबंध मण्डल हेतु तीन सदस्यों का निर्वाचन.

श्री सचिन सुभाष यादव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

"यह सभा उस रीति से जैसी अध्यक्ष महोदय निर्दिष्ट करें, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1963 (क्रमांक 12 सन् 1963) की धारा 25 की उपधारा (1) के पद (नौ) की अपेक्षानुसार जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रबंध मंडल के लिए राज्य विधान सभा के सदस्यों में से तीन सदस्यों के निर्वाचन के लिए अग्रसर हो.".

## 5. वर्ष 2019-2020 की अनुदानों की मांगों पर मतदान ....... (क्रमशः).

| निर्धारित समय | | | |
|---|---|---|---|
| 1 घण्टा 30 मि. | (1) | मांग संख्या 43<br>मांग संख्या 44 | खेल और युवा कल्याण<br>उच्च शिक्षा. |
| 1 घण्टा 30 मि. | (2) | मांग संख्या 22<br>मांग संख्या 41<br>मांग संख्या 64 | नगरीय विकास एवं आवास<br>सिंहस्थ, 2016 से संबंधित व्यय<br>नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता. |

| निर्धारित समय | | | |
|---|---|---|---|
| 1 घण्टा | (3) | मांग संख्या 20 | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी. |
| 1 घण्टा | (4) | मांग संख्या 10 | वन. |
| 30 मि. | (5) | मांग संख्या 56<br>मांग संख्या 68 | कुटीर एवं ग्रामोद्योग<br>नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा. |
| 2 घण्टे | (6) | मांग संख्या 30<br>मांग संख्या 53<br>मांग संख्या 59<br>मांग संख्या 62 | ग्रामीण विकास<br>त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता<br>ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं<br>पंचायत. |
| 1 घण्टा | (7) | मांग संख्या 19 | लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण. |
| 1 घण्टा | (8) | मांग संख्या 34<br>मांग संख्या 49 | सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण<br>अनुसूचित जाति कल्याण. |
| 30 मि. | (9) | मांग संख्या 18 | श्रम. |
| 1 घण्टा | (10) | मांग संख्या 29 | विधि और विधायी कार्य. |
| 1 घण्टा | (11) | मांग संख्या 39 | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण. |
| 2 घण्टे | (12) | मांग संख्या 13<br>मांग संख्या 50<br>मांग संख्या 54 | किसान कल्याण तथा कृषि विकास<br>उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण<br>कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा. |
| 1 घण्टा | (13) | मांग संख्या 37<br>मांग संख्या 48 | पर्यटन<br>नर्मदा घाटी विकास. |
| 1 घण्टा 30 मि. | (14) | मांग संख्या 35<br>मांग संख्या 42<br>मांग संख्या 63<br>मांग संख्या 66 | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम<br>भोपाल गैस त्रासदी राहत तथा पुनर्वास<br>अल्पसंख्यक कल्याण<br>पिछड़ा वर्ग कल्याण. |
| 1 घण्टा | (15) | मांग संख्या 55 | महिला एवं बाल विकास. |
| | (16) | मांग संख्या 6<br>मांग संख्या 31<br>मांग संख्या 60<br>मांग संख्या 61 | वित्त<br>योजना, आर्थिक और सांख्यिकी<br>जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय<br>बुन्देलखण्ड पैकेज से संबंधित व्यय. |

## 6. शासकीय विधि विषयक कार्य.

श्री तरुण भनोत, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-4) विधेयक, 2019 (क्रमांक 21 सन् 2019) का *पुर:स्थापन करेंगे.

## 7. वर्ष 2008-2009 एवं 2010-2011 के आधिक्य व्यय के विवरणों का उपस्थापन.

श्री तरुण भनोत, वित्त मंत्री, वर्ष 2008-2009 एवं 2010-2011 के आधिक्य व्यय के विवरणों का उपस्थापन करेंगे.

## 8. शासकीय विधि विषयक कार्य.

श्री तरुण भनोत, वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-4) विधेयक, 2019 (क्रमांक 21 सन् 2019) पर विचार किया जाए.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाए.

ए. पी. सिंह,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 20 जुलाई, 2019

*मांग का प्रस्ताव स्वीकृत होने के तुरन्त पश्चात्.